दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 201
मुरादाबाद
(Thursday)
13 November 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भूटान से लौटते ही अस्पताल पहुंचे पीएम मोदी, दिल्ली कार ब्लास्ट के घायलों से मिले

देश की राजधानी दिल्ली सोमवार शाम भीषण धमाके से दहल उठी। लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास भीड़ भरे इलाके में, कार में हुए जोरदार धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।भूटान से लौटते ही प्रधानमंत्री मोदी सीधे एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और दिल्ली में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिले। उन्होंने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों ने भी उन्हें स्थिति की जानकारी दी। पीएम ने कहा, %इस साजिश के पीछे जो लोग हैं उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा, दो भी दोषी हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। फिर अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची जम्मू-कश्मीर पुलिस-जम्मू एंड कश्मीर पुलिस फिर अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची है। इससे पहले हरियाणा पुलिस की एक टीम यूनिवर्सिटी पहुंची थी। वहीं, यूपी एटीएस और दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भूटान की अपनी दो दिवसीय दौरे से वापस आ गए हैं। भूटान से लौटने के बाद पीएम मोदी एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे हैं। जहां पीएम दिल्ली कार ब्लास्ट के घायलों से मिले।दिल्ली में कार धमाके में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए थोड़ी देर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एलएनजेपी अस्पताल पहुंचेंगे। पीएम मोदी इस दौरान घायलों से मुलाकात करेंगे। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एलएनजेपी अस्पताल पहुंचेंगे। जहां पीएम दिल्ली ब्लास्ट के घायलों से मिलेंगे। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ी पहुंची है। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा पुलिस की एक टीम फरीदाबाद के धौज स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय से रवाना हुई। यूनिवर्सिटी से पुलिस का ट्रक निकला है, जो कवर किया गया था। सूत्रों के अनुसार, यूनिवर्सिटी परिसर से कुछ सामान जब्त किया गया है। अल-फलाह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद ने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया है, हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से व्यथित हैं और इसकी निंदा करते हैं। हमें यह भी पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है, सिवाय इसके कि वे विश्वविद्यालय में अपनी आधिकारिक क्षमता में काम कर रहे हैं।

हम ऐसे सभी झूठे और अपमानजनक आरोपों की कड़ी निंदा करते हैं और उनका स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। कुछ प्लेटफ़ॉर्म द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार, ऐसा कोई भी रसायन या सामग्री विश्वविद्यालय परिसर में इस्तेमाल, संग्रहीत या संभाली नहीं जा रही है। विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं का उपयोग केवल और केवल MBBS छात्रों और अन्य अधिकृत पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रहा है ताकि वे राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुँच सकें।

## एग्जिट पोल को दरकिनार कर तेजस्वी बोले- लिख लो, 14 नवंबर को मैं बनूंगा मुख्यमंत्री



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता ने इस बार स्पष्ट रूप से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है।बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी एग्जिट पोल भले ही अलग-अलग नतीजे दिखा रहे हों, लेकिन महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा तेजस्वी यादव ने सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इस बार पूरी मजबूती से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है।तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, बिहार की जनता का आशीर्वाद हमें मिल चुका है। आप लोग मेरी बात लिख लीजिए, 14 नवंबर को मैं मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि इस बार लोगों का उत्साह और समर्थन 1995 से भी बेहतर देखने को मिला है। जनता ने भारी मतदान कर मौजूदा सरकार के खिलाफ वोट दिया है। यह जनता का स्पष्ट जनादेश है कि अब बिहार में बदलाव तय है। महागठबंधन के नेता ने कहा कि वे सबसे पहले सभी सहयोगी दलों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का दिल से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तेजस्वी ने कहा कि लोगों ने बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है और आने वाला परिणाम बिहार की नई दिशा तय करेगा। तेजस्वी यादव ने एग्जिट पोल पर कहा, हमने पहले भी कहा था कि 14 तारीख को नतीजे होंगे और 18 को शपथ ग्रहण होगा। यह निश्चित तौर पर होने जा रहा है, भाजपा और ह्ष्ठ के पसीने छूट रहे हैं। वे लोग बौखलाहट में हैं और बेचैन हैं। कल वोटिंग के दौरान लोग बड़ी कतारों में खड़े थे। लोग खड़े रहे और एग्जिट पोल आता है यानी मतदान अभी खत्म नहीं हुआ कि एग्जिट पोल आ गया। इस तरह के सर्वे को लेकर हम न किसी खुशफहमी में रहते हैं और न ही गलत फहमी में रहते हैं। ये सर्वे केवल मनोवैज्ञानिक तौर पर जितने भी अधिकारी चुनाव में लगे हुए हैं, उनके दबाव में लाया गया है। तेजस्वी यादव ने आगे कहा, 2020 की अगर तुलना इस बार से की जाए तो 72 लाख लोगों ने ज्यादा मतदान किया है। यह काफी बड़ा आंकड़ा है और हर विधानसभा में वोट बढ़े हैं। यह मत बदलाव के लिए पड़े हैं। सरकार बदलने जा रही है।

### संक्षिप्त समाचार



#### अनिरुद्धाचार्य की विवादित टिप्पणी पर मथुरा कोर्ट में सुनवाई, फैसला रखा गया सुरक्षित

कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मथुरा के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।अखिल भारत हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने बताया कि कथा वाचक निरुद्धाचार्य ने कुछ समय पहले महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पर उन्होंने अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां याचिका दायर की थी।इस मामले में मंगलवार को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की कोर्ट ने दलील सुनी गई। दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पूर्व कथावाचक ने कोर्ट में अपने बयान को लेकर माफीनामा दाखिल किया था, लेकिन कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## ये स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण... लखनऊ में विश्वकप ट्रॉफी का स्वागत करते हुए बोले सीएम योगी

भारत की मेजबानी में चेन्नई और मदुरई में 28 नवंबर से दस दिसंबर तक जूनियर हॉकी विश्वकप का आयोजन किया जाएगा। जिसकी ट्रॉफी बुधवार को लखनऊ पहुंची। स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे।देशभर के विभिन्न शहरों से होते हुए जूनियर हॉकी विश्वकप की ट्रॉफी बुधवार को लखनऊ पहुंची। ट्रॉफी के स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना उत्तर प्रदेश के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण करवाने वाला क्षण भी है। हॉकी इंडिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्वमरणीय है। हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद ने इसी उत्तर प्रदेश की धरती पर जन्म लिया था... उत्तर प्रदेश के अंदर ही मेजर ध्यानचंद की इन स्मृतियों को बनाए रखने के लिए हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के निर्माण का कार्य कर रही है... इसके साथ ही भारतीय हॉकी से जुड़े हुए और भारतीय हॉकी के बहुत ही यशस्वी खिलाड़ी के.डी. सिंह बाबू का जन्म भी उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए बाराबंकी में स्थित उनके पैतृक आवास को एक बेहतर म्यूजियम के रूप में बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार वर्तमान में कार्रवाई कर रही है।मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश हॉकी खिलाड़ियों का भी जिक्र किया और कहा कि प्रदेश ने अनेक ऐसे खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने हॉकी इंडिया को सम्मान दिलाया। सीएम योगी ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद शाहिद, अशोक कुमार, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी सिंह, सुजीत कुमार, अब्दुल अजीज, सुबोध खांडेकर, रजनीश मिश्र, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एमपी सिंह, जगवीर सिंह, राहुल सिंह, विवेक सिंह, ललित उपाध्याय, दानिश मुतजबा, राजकुमार पाल, प्रेम माया, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, प्रीति दुबे जैसे हॉकी के खिलाड़ियों के योगदान को भी याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में भी उत्तर प्रदेश के राजकुमार पाल, उत्तम सिंह, विष्णुकांत सिंह, मुमताज, साक्षी, ज्योति, पूर्णिमा महिला व पुरुष वर्ग की सीनियर-जूनियर भारतीय टीम में चयनित होकर प्रदेश और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप से जुड़े समस्त पदाधिकारियों का लखनऊ आगमन पर स्वागत करते हुए एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 के सफल आयोजन की भी शुभकामना दी। उन्होंने विश्वकप में भारतीय खिलाड़ियों के सफलता की मंगलकामना भी की। जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप में 24 टीमें हिस्सा ले रहीं बता दें कि भारत की मेजबानी में चेन्नई और मदुरई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप का आयोजन किया जाएगा जिसकी ट्रॉफी बुधवार को लखनऊ पहुंची। जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं।




## आप सांसद संजय सिंह ने शुरू की सरयू से संगम तक की पदयात्रा... 'रोजगार दो, न्याय दो' का लिया संकल्प

आम आदमी पार्टी 13 दिन की पदयात्रा में 200 किमी चलकर जनता के हक की आवाज उठाएगी। इस दौरान कार्यकर्ता लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

आम आदमी पार्टी ने बुधवार को सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में बड़ी देवकाला तिराहा स्थित एक लॉन में जनसभा आयोजित कर 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' के नाम से सरयू से संगम तक पदयात्रा की शुरुआत की।

यह पदयात्रा 13 दिनों तक चलेगी, जो अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अमेठी होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। इस दौरान कार्यकर्ता लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।सभा को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा उन बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों और हर उस व्यक्ति की आवाज है, जिसे न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि रोजगार भी चाहिए और सामाजिक न्याय भी - को लेकर हम सरयू से संगम तक संकल्प लेकर चलेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा बेरोजगार राज्य बन गया है। यहां युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जबकि भ्रष्टाचार चरम पर है। पेपर लीक कराकर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। इस पदयात्रा में दिल्ली के विधायक एवं प्रदेश प्रभारी अनिल झा, प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।




## संपादकीय Editorial

### Pakistan's 'Constitutional Dictator'

Whether you call Syed Asim Munir Ahmed Shah the 'Emperor' of Pakistan, a 'constitutional dictator,' or an uncrowned king, he is a man who is 'supreme' even over the President, the Prime Minister, and the Supreme Court. There is no other example like this in the world. Military rulers can be 'dictators,' or there is Kim Jong Un, the dictator of North Korea, but for a country to pretend to be a democracy, to go through the charade of holding elections, and for its army chief to ultimately become the 'Emperor of the country' is a rare example that has only emerged in Pakistan. 'Puppet Prime Minister' Shehbaz Sharif can be thankful that his government hasn't been overthrown. However, in Pakistan, the governments of supposedly elected leaders have been overthrown repeatedly, and army chiefs have become 'dictatorial presidents.' Dictators like Ayub Khan, Yahya Khan, Zia-ul-Haq, and Pervez Musharraf have ruled Pakistan, but their ends were tragic and pathetic. The current Field Marshal and Army Chief, General Munir, has surpassed all these dictators and has become an example that mocks the systems of democracy, constitution, parliament, human rights, and their civic values ??in the world. He is making a mockery of them. Munir did not become Pakistan's 'new dictator' on his own. He has compelled the government and parliament. This constitutional amendment was passed in Parliament and the Senate, and a new position has been created for Munir: 'Chief of Defence Forces (CDF).' This position of 'Chief of Defence Staff' also exists in India, but it is not absolute and self-appointed. He serves under the President and the Central Cabinet. Pakistan's CDF, Munir, cannot be removed by either the President or the Prime Minister, nor can any case be filed against him in the Supreme Court. He is far above the law and beyond reproach. He will be able to wear his military uniform for life and will appoint the chiefs of the Army, Air Force, and Navy. In fact, in Pakistan now, the President will no longer be the Supreme Commander of the armed forces; instead, CDF Munir will be the new 'supreme general'. All three branches of the armed forces and their chiefs will now be accountable to the CDF. Clearly, the President will be reduced to a mere 'puppet'. The only way to remove Munir from his new position of power is to pass an impeachment-like resolution in Parliament with a two-thirds majority. This also seems impossible, because permission for that resolution would also have to be obtained from the army. Could any army chief dare to give permission for impeachment against his CDF? The other seemingly impossible path is that ultimately, after court rulings, Imran Khan comes out of jail and the people of Pakistan take to the streets under his leadership. That movement would also have the support of 'Jamaat-e-Islami'. They would be fearless of death and injury. It would be a struggle like a new fight for freedom, only then could Munir be forced to flee Pakistan! History is witness to the fact that many powerful heads of state, presidents, and prime ministers have been forced to flee their countries. Pakistan's situation is even worse. The Afghan Taliban, Baloch fighters, TTP, TLP, rebels in Pakistan-occupied Kashmir, etc., have surrounded Pakistan from all sides. The Afghan Taliban have deployed forces to divide Pakistan into seven parts. The rebels have reached as far as Punjab in Pakistan and are threatening to shake Islamabad. Pakistani soldiers are being killed in explosions and attacks on their posts in Khyber, Balochistan, and along the Afghan border. What front will Munir conquer by becoming the CDF? He might be able to 'bargain' with US President Trump and become the emperor.

# The Threat of Terrorism: The Nation Must Remain Alert

Amidst the unearthing of several terrorist groups one after another, the incident in Delhi not only indicates that security agencies need to be more vigilant, but also demands that those who lead the Muslim community at the political, social, and religious levels examine the reasons why their youth are treading the path of terrorism. A warning for security agencies: The unearthing of several terrorist groups in various parts of the country in the last few days is indeed worrying. It is a matter of serious concern that educated individuals, and even those with doctoral degrees, are treading the path of terrorism. At the same time, it is also reassuring that they are being caught by the police and intelligence agencies. Even so, the thought is chilling that if these terrorists, armed with dangerous intentions, had not been apprehended in time, they could have caused a major catastrophe. An indication of this comes from the powerful explosion in a car near the Red Fort in Delhi the other day. The nature and intensity of this blast, which injured several people, points towards a terrorist act. For this reason, anti-terrorism agencies have also joined the investigation into this incident. Just before this terrifying incident, the Gujarat Anti-Terrorism Squad arrested three suspected terrorists, one of whom is a doctor from Hyderabad. His two accomplices are from Uttar Pradesh. Three pistols and cartridges, along with materials for making the deadly poison ricin, were recovered from them. In addition to these arrests, the Jammu and Kashmir and Haryana police arrested seven people, including three doctors, who had stockpiled about three thousand kilograms of explosives in Faridabad. One of them is a female doctor. The others include a cleric and students. Rifles, pistols, timers, etc., were also recovered from them. It is clear that the notion that only uneducated and poor Muslim youth are inclined towards terrorism is no longer true. The experience of the country and the world in the last few years shows that educated Muslim youth are now increasingly choosing to become terrorists. They are not only joining dreaded terrorist organizations like ISIS, Al-Qaeda, Jaish, and Lashkar, but are also audacious enough to form their own terrorist groups. It should not be overlooked that recently, a terrorist imprisoned in a Karnataka jail was found raising funds using a mobile phone, while another in Greater Noida was found publishing books inciting religious hatred. It is true that terrorism has no religion, but there is also no doubt that religion is being used as a pretext to pursue the path of terrorism. Amidst the unearthing of several terrorist groups one after another, the incident in Delhi not only indicates that security agencies need to be more vigilant, but also demands that those who lead the Muslim community at the political, social, and religious levels examine the reasons why their youth are treading the path of terrorism.




# The Challenge of Protecting Bhutan from Chinese Clutches: Essential to Safeguard it from Chinese Ambitions

Like Nepal, Bangladesh, Sri Lanka, and the Maldives, China is also attempting to infiltrate Bhutan and incite anti-India sentiments. To counter future Chinese machinations, India will have to build closer ties with the Bhutanese elite as well as the common people. If Modi continues to visit Bhutan frequently, the friendship between the two countries will only grow stronger. Modi's Bhutan Visit: Strategic Importance and China's Encroachment in Bhutan Prime Minister Narendra Modi is on a two-day visit to Bhutan. Bhutan is India's smallest neighbor in terms of area, but its strategic importance is immense, as it is a crucial buffer state situated in the high Himalayas between Chinese-occupied Tibet and India. The fact that Prime Minister Modi has visited there four times in the last 11 years, and similarly, Bhutanese Prime Ministers and Kings have consistently visited India, shows that this sensitive relationship is rightly being given the highest political importance. If Bhutan becomes weak and helpless, expansionist China will not only swallow it up but also open another front on India's border. Given China's encroachment in Tibet in the 1950s and its current expansion in Nepal, it is imperative for India to ensure that Bhutan is protected from Chinese ambitions. Protecting a unique Himalayan Buddhist nation from the forceful occupation of an aggressive superpower like China is not a theoretical or academic issue. According to the international research institute 'C-Lite', in recent years, China has established at least 22 artificial villages within Bhutan's traditional borders, occupying approximately two percent of this small country's territory. These Chinese settlements include roads, military outposts, and administrative centers, thus creating new facts on the ground that are difficult to deny. Under the guise of border negotiations with Bhutan, China has also put forward new claims to gradually erode Bhutan's sovereignty and encircle India's borders with its military. The attempted illegal road construction in Doklam in 2017 was a sample of China's long-term plans. To counter this threat, the Indian Army confronted the Chinese forces for 73 days. Ultimately, China had to withdraw from Doklam. Given the increasing threat from China to Bhutan's existence, India is enhancing defense equipment and training facilities for the Bhutanese army. According to the 2007 revised India-Bhutan Treaty of Friendship, both countries will counter "activities detrimental to national security." Defense will remain a major pillar of India-Bhutan relations due to China's intentions to infiltrate and subjugate Bhutan. Since Indian military assistance to Bhutan is a sensitive matter, public announcements about it are not made. Despite this, the Modi government is aware of the threat looming over Bhutan's north and east and is providing it with the necessary resources. China is also offering economic incentives to Bhutan with the intention of bringing it under its influence. Bhutan is the only country among India's neighbors in South Asia that has not joined China's 'Belt and Road' initiative. Therefore, India has a special responsibility towards Bhutan's economic progress, infrastructure development, and modernization. During his fourth visit to Bhutan, Modi will inaugurate the Punatsangchhu hydroelectric project, built with Indian assistance, which will increase electricity exports from Bhutan to India and investment by Indian companies in Bhutan. India is also constructing a 58-kilometer-long railway line from Kokrajhar in its northeastern state of Assam to Bhutan's ambitious 'New Gelephu Mindfulness City', which will boost bilateral trade and tourism. From space satellites to financial technology, India is assisting Bhutan in emerging sectors so that its various political groups and social classes can feel the tangible benefits of friendship with India. For years, Bhutan has been the largest recipient of Indian aid. The Indian budget for 2025-26 allocated ?2,150 crore for it. Modi's visit to Bhutan will remind the world that India is keen to be a key partner for its South Asian neighbors and will not shy away from competing with China in this regard. Besides development and defense, India has made culture and spirituality the third pillar of its Bhutan policy. During this visit to Bhutan, Modi will worship the sacred relics of Lord Buddha at a monastery, which were sent there from Piprahwa in Uttar Pradesh. In addition, India has also gifted a statue of the Buddhist spiritual leader and founder of the Bhutanese nation, Zhabdrung Ngawang Namgyal, to Bhutan for display. Bhutan's population of less than 800,000 is extremely devout and conscious of preserving its unique Buddhist heritage. By emerging as a promoter of Buddhism in Asia, India is winning the hearts and minds of the Bhutanese people. It is implicitly understood that while atheist China has committed cultural genocide against Buddhism in occupied Tibet, democratic India has preserved this centuries-old spiritual key. This is why Modi is also participating in a special 'Global Peace Prayer' ceremony during his Bhutan visit, which is being jointly organized by the governments of both countries. India's strategy is to focus on all these dimensions so that no anti-India group can become active in Bhutanese society. It is no coincidence that Bhutan is India's closest ally. Bhutan is a stable South Asian neighbor. The absence of organized anti-India elements has resulted in uninterrupted social harmony in Bhutan. Like Nepal, Bangladesh, Sri Lanka, and the Maldives, China is also attempting to infiltrate Bhutan and incite anti-India sentiments. To counter future Chinese machinations, India needs to cultivate close ties with the Bhutanese elite as well as the general public. If Modi continues to visit Bhutan frequently, the friendship between the two countries will only grow stronger.

# धमाके से 20 मिनट पहले लाल किले के पास थे संभल के व्यापारी

संभल । दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम हुए कार विस्फोट से कुछ ही समय पहले संभल के कई व्यापारी उसी इलाके में मौजूद थे। धमाका होने की बात पता चली तो यह व्यापारी सहम गये। सोमवार को संभल के व्यापारी सामान लेने दिल्ली जाते हैं और आमतौर पर अपनी गाड़ियां लाल किले की पार्किंग में खड़ी करते हैं। संभल के मोहल्ला ठेर निवासी मोहित गुप्ता ने बताया कि वह सोमवार को सामान लेने दिल्ली गये थे। गाड़ी लाल किले की पार्किंग में लगाई थी। पूरे दिन शॉपिंग करने के बाद शाम सवा छह बजे वहां से निकल आये। करीब 20 मिनट बाद खबर मिली कि वहीं पास में बड़ा धमाका हुआ है। व्यापारी अर्चित गुप्ता ने बताया कि वह भी सोमवार को सदर बाजार से रिक्शे में सामान लेकर लाल किले की ओर आए, डेढ़ घंटे में पहुंचे। लाल किले के सामने भारी जाम था। हमने करीब 6¬15 बजे लाल किला पार किया। आधे घंटे बाद पता चला कि बड़ा धमाका हुआ है। व्यापारियों में डर साफ नजर आया।



# बसपा नेता की अवैध प्लाटिंग पर गरजा बुलडोजर...एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई

बसपा नेता की अवैध प्लाटिंग पर उप जिला अधिकारी के आदेश के बाद राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर चलाया। एसडीएम के सख्त निर्देश के बाद प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम कार्यालय द्वारा 1 नवंबर 2025 को समस्त लेखपालों को जारी पत्र में चेतावनी दी थी कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति, बिना धारा-80 की कार्यवाही और बिना नगरीय/जिला पंचायत से नक्शा पास कराए प्लाटिंग करना अवैध है। इस चेतावनी के बाद कार्रवाई करते हुए मंगलवार को नगर के कनेटा रोड मार्ग स्थित एक बसपा नेता की अवैध प्लाटिंग स्थल पर बुलडोजर चलाया गया। कानूनगो लोकेंद्र पाल सिंह ने बताया कि यह प्लाटिंग न तो धारा-80 के तहत परिवर्तित है और न ही इसका नक्शा पास कराया गया है। यह पूरी तरह से अवैध है। एसडीएम ने अपने पत्र में स्पष्ट किया था कि प्रोपर्टी डीलरों द्वारा कृषकों से दुरभिसंधि करके अवैध खनन और भराव का कार्य किया जा रहा है। एसडीएम ने भविष्य में अवैध प्लाटिंग पाए जाने पर लेखपालों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराने की चेतावनी दी है। मौके पर लेखपाल दीपक दिलवानिया और पंकज चाहल मौजूद रहे।




# मां-बेटे की हत्या में तीन दोषियों को आजीवन कारावास, 50 हजार जुर्माना भी लगाया

दस वर्ष पूर्व हुए चर्चित मां-बेटा हत्याकांड में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक आरोपी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला संपत्ति विवाद के चलते रची गई साजिश का परिणाम था। दोषियों ने मां-बेटे की हत्या कर उनके शवों पर तेजाब डालकर पहचान मिटाने की कोशिश की थी तथा शवों को मथुरा के जंगल में फेंक दिया था।उत्तराखंड के काशीपुर नगर के मोहल्ला लाहौरियान निवासी शकुंतला देवी पत्नी कृष्णचंद्र सैनी अपने दत्तक पुत्र कलश उर्फ बॉबी के साथ रहती थीं। जून 2016 में दोनों के अचानक लापता हो गए। काशीपुर निवासी समाजसेवी एवं अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने 17 जून 2016 को पुलिस को तहरीर देकर दोनों की गुमशुदगी की जानकारी दी और मामले में संपत्ति विवाद की आशंका जताई। जांच के दौरान पुलिस ने थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सौदासपुर निवासी प्रेम अवतार शर्मा, अजय शर्मा तथा थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र निवासी विक्रम उर्फ राजू यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में हत्याकांड की पूरी साजिश सामने आ गई। ऐसे रची गई थी साजिशअजय शर्मा ने शकुंतला देवी से 18 लाख रुपये में मकान खरीदा था। उसने 13 लाख रुपये का चेक दिया, लेकिन बाद में चेक वापस लेकर शेष धनराशि न देने की नीयत से शकुंतला व उनके बेटे को जान से मारने की योजना बनाई। इसमें किराएदार विक्रम को भी शामिल कर लिया गया। 25 जून 2016 को विक्रम शकुंतला और उनके बेटे को बालाजी दरबार ले जाने के बहाने पहले मुरादाबाद ले गया, जहां प्रेम अवतार, अजय शर्मा और विक्रम यादव दोनों को कार से मथुरा ले गए। रास्ते में दोनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाया और मथुरा के सुनसान जंगल में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। पहचान मिटाने के लिए दोनों के शरीर पर तेजाब डाला गया और शवों को जंगल में फेंक दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद किए थे। करीब 10 सालक चले वाद की सुनवाई के बाद मंगलवार को न्यायालय ने दोषियों को आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन की पैरवी अधिवक्ता रतन सिंह कंबोज ने की।

# ठंड से बढ़ रही जोड़ो में सूजन और गले में संक्रमण...OPD में 50 फीसदी मरीजों को यही दिक्कत

पारा गिरने से ठंड बढ़ रही है। इससे गठिया के मरीजों का दर्द भी बढ़ गया है। सूजन और मांसपेशियों में दर्द भी हो रहा है। गले में खराश और वायरल बुखार के भी मरीज बढ़ गए हैं। जिला अस्पताल में इन बीमारियों के मरीज सबसे ज्यादा रहे हैं। ने बताया कि मंगलवार को ओपीडी में आए जोड़-मांसपेशियों में सूजन और दर्द की परेशानी गिरने से गठिया रोगियों की मुश्किल बढ़ गई है। आया है। उन्होंने बताया कि तीन-चार दिन से विभाग की ओपीडी में जनरल फिजिशयन डॉ. के मरीज भी बढ़ रहे हैं। इससे गले में संक्रमण, हो रही है। दवाएं बीच में बंद करने से बीपी और श्वास रोग विभाग की ओपीडी में डॉ. प्रदीप ने और सांस रोगियों को सांस लेने में दिक्कत हो है। लगातार खांसी से मरीज की हालत भी खराब भी देनी पड़ रही है। पर्चा-दवा के लिए की भीड़ रही। पर्चे और दवा के लिए धक्कामुक्की बताया कि मां को गठिया की परेशानी है, ओपीडी



हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में डॉ. एसएस कक्कड़ 180 से अधिक मरीजों में से 50 फीसदी को रही। इनमें अधिकांश गठिया के रोगी हैं। पारा कई ऐसे युवा भी हैं, जिनके चोट का दर्द उभर मौसम में ज्यादा बदलाव हुआ है।उधर, मेडिसन आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वायरल बुखार खराश, तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द की परेशानी मधुमेह का स्तर भी गड़बड़ाया हुआ मिला है। बताया कि धुंध और प्रदूषण होने के कारण अस्थमा रही है। सीने में जकड़न और सूखी खांसी हो रही मिल रही है। ऐसे मरीजों को भर्ती कर ऑक्सीजन धक्कामुक्की- जिला अस्पताल में मंगलवार को मरीजों झेलनी पड़ी। करुला निवासी शहजाद आलम ने में पर्चा बनवाने में आधे से एक घंटे का समय लग रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सामान्य दिनों के मुकाबले डेढ़ गुना मरीज रहे।

# पांव पांव चलो गांव गांव चलो चलो बूत की ओर -राजू सागर

क्यूँ न लिखूँ सच / आजाद समाज पार्टी (काशीराम) रामपुर के पूर्व जिला प्रभारी राजू सागर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि पांव पांव गांव चलो ओर राजू सागर आजाद समाज सबसे मजबूत संविधान उपलक्ष में महारैली होने मुजफ्फरनगर संबोधित करेंगे चलो गांव चलो बूत की में बताया कि पार्टी का बूथ 26 नवंबर दिवस के विशाल जा रही है इसको मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना से लोकप्रिय सांसद बड़े भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी राजू सागर ने बताया कि सभी विधानसभा से बस की व्यवस्था की जाएगी दलित मुस्लिम पिछड़ा विरोधी भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उत्तर प्रदेश में सन 2027 के विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम करेगी राजू सागर में 26 नवंबर को सभी से चलने की अपील की



# हैंडीक्राफ्ट कारखाने में लगी भीषण आग, आसपास के घरों को कराया गया खाली, विस्फोट से मची अफरा-तफरी

सरायतरीन के मोहल्ला भूड़ा में एक हैंडीक्राफ्ट कारखाने में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। कारखाने में रखे केमिकल के ड्रम फटने से आग ने विकराल रूप ले लिया। एहतियातन आसपास के एक दर्जन घर खाली कराए गए। संभल और बहजोई से पहुंची दमकल की दो गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं।सरायतरीन के मोहल्ला भूड़ा में वसीम के हैंडीक्राफ्ट कारखाने में भीषण आग लग गई। कारखाने में केमिकल के ड्रम होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। करीब 500 मीटर दूर से भी आग का धुआं दिखाई देने लगा।एहतियातन आसपास के करीब एक दर्जन घरों को खाली कर लिया गया। पुलिस के संभल और बहजोई से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच केमिकल के ड्रम के फटने की आवाज भी आती रही।आग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है, हालांकि आसपास के घरों की छतों पर लोग जमा होकर नजारे को देख रहे हैं। लोग ऊपर वाले से आग पर काबू पाए जाने के लिए दुआएं कर रहे हैं। सीओ आलोक कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से कारखाने में आग लगी। पहले लकड़ी का समान जलने लगा और फिर केमिकल को भी आग ने चपेट में ले लिया। जिस वक्त कारखाने में आग लगी उस समय मजदूर काम कर रहे थे, जिन्होंने किसी तरह भाग कर जान बचाई।



## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत भवन परिसर में भारी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी श्री गोपाल अंजान और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की उपस्थिति में मुरादाबाद शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में भारी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वंदे मातरम राष्ट्रगीत के शाब्दिक अर्थ एवं महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, डीसी मनरेगा, डीआईओएस, बीएसए और जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति 12 नवंबर 2025 को जनपद मुरादाबाद पहुंचेगी। वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के मा. सभापति डॉ. रतनपाल सिंह की अध्यक्षता में 13 नवंबर 2025 को सर्किट हाउस के सभागार में जनपद मुरादाबाद के साथ-साथ जनपद अमरोहा, रामपुर और संभल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक के दौरान समिति द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यालयों में जनवरी 2022 से अक्टूबर 2025 तक कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन ग्रेच्युटी एवं अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति के साथ-साथ वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन के अंतर्गत लंबित प्रकरण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में आवंटित बजट के सापेक्ष कार्य प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी।



### फर्जी कॉल सेंटर सेंटर का भंडाफोड़...ठगी करने वाले पांच लोग गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें बबराला का युवक शिव गुप्ता भी शामिल है। अन्य आरोपितों में बिहार का सूरज कुमार, गाजियाबाद निवासी अभिषेक शर्मा और दिल्ली निवासी राहुल अग्रवाल व राहुल चौहान हैं। पुलिस ने छह लैपटॉप, मोबाइल फोन और एक प्रिंटर बरामद किया है।जानकारी के अनुसार, पुलिस ने दिल्ली के गुरु अंगद नगर में फर्जी कॉल सेंटर की सूचना पर छापेमारी की। पता चला कि गिरोह के सदस्य खुद को माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन सपोर्ट टीम का प्रतिनिधि बताकर अमेरिकी नागरिकों से संपर्क करते थे। यह लोग वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल के जरिए कॉल करते थे, जो भारत में अवैध है। गिरोह अल्ट्रा व्यूअर जैसी एप्लीकेशन के माध्यम से विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर को रिमोट एक्सेस पर लेकर उसमें वायरस या तकनीकी समस्या का झूठा संदेश दिखाते थे। इसके बाद समस्या को दूर करने के नाम पर पीड़ितों से नकद के बजाय गिफ्ट कार्ड मंगवाते थे, जिन्हें अमेरिका में बैठे एक एजेंट के माध्यम से नकदी में बदला जाता था। गिरोह हर एक पीड़ित से 4,500 से 50,000 रुपये तक की ठगी करता था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

# जटपुरा उर्स में पहुंचे वार्ड नंबर6 से बीजेपी प्रत्याशी इकराम चौधरी, लोगों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी : थाना डिलारी क्षेत्र के गांव जटपुरा में बाबा पंच पीर दादा मियां के सालाना उर्स में भारी अकीदत के साथ मौके पर वार्ड नंबर 6 पंचायत भाबी प्रत्याशी भी दरगाह पर हाजिरी चैन की दुआ मांगी। दरगाह पहुंचे कब्बाल कब्बाली के कार्यक्रमों किया, जिसमें बड़ी लोग और दूर-दराज़ से शामिल हुए। इसी चौधरी ने कहा कि बाबा



उत्साह और जायरीन पहुंचे। इस से भाजपा जिला इकराम चौधरी ने लगाई और अमन-उर्स के दौरान तालीम आरिफ ने का आयोजन संख्या में स्थानीय आए अकीदतमंद दौरान इकराम पंच पीर की दरगाह सभी समुदायों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने उर्स कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात कर आयोजन की सराहना की और जटपुरा सालाना उर्फ कमेटी को 21 हजार रुपए का नजराना देकर कमेटी कि हौसला अजाई की। 21 हजार रुपए के नजराने के बाद इस सहयोग पर मौजूद लोगों ने भाजपा प्रत्याशी इकराम चौधरी के इस पहल की खूब तारीफ की उधर वार्ड नंबर 6 के क्षेत्र से आए सभी सम्मानित लोगों ने भाजपा प्रत्याशी इकराम चौधरी को आगामी चुनाव में जीत का आश्वासन भी दिलाया। इस दौरान दरगाह परिसर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला, जहां अकीदतमनदो ने चादर और फूल चढ़ाकर अपनी दुआएं मांगीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा।

# राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ( सैनिक प्रकोष्ठ ) ब्रह्मपाल सिंह तोमर का बरेली आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । राष्ट्रीय लोक दल के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह तोमर सर्किट हाउस पहुंचने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप पवार जी सैनिक प्रकोष्ठ और जिला अध्यक्ष एडवोकेट मतलूब जी और कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा स्वागत किया गया स्वागत के प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रह्मपाल सिंह तोमर जी द्वारा संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय लोकदल एनडीए के साथ गठबंधन में है और



आगे भी गठबंधन रहेगा आने वाले पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी और साथ ही उन्होंने बताया कि सैनिकों के हितों में संगठन यह प्रयास कर रहा है की पूर्व सैनिकों को कहीं ना कहीं अन्य नौकरियों में समायोजित किया जाएगा साथ ही सरकार से मांग की है की पूर्व सैनिकों का आयोग बनाया जाए और साथ ही सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं को संगठित होकर पार्टी को आगे बढ़ने का काम किया जाए और जयंत चौधरी जी के हाथों को मजबूत किया जाए और पिछले दिनों बरेली में हुए आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए जिला अध्यक्ष मोहम्मद मतलूब और पूरी बरेली टीम की सराहना की ओर उनके साथ आयें प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक जी का भी स्वागत हुआ प्रदेश सचिव ने जनपद बरेली से संबंधित कई मुद्दे माननीय प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह तोमर जी के समक्ष रखें। और अंत में अंत चौधरी चरण सिंह पार्क पर जाकर चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर कुलदीप पवार, विजय बहादुर सक्सेना, कमलजीत सिंह, शहादत हुसैन, ओमपाल सिंह, अयूब अंसारी, राजवीर उपाध्याय, जोधपाल सिंह, कालका प्रसाद, लखन सिंह, देवेंद्र गोस्वामी, नरेश सिंह, विजय सिंह, आसिफ अली वाहिद अली, शाकिर मंसूरी कमल जीत सिंह ( मीडिया प्रभारी) राष्ट्रीय लोक दल बरेली।

# देहदान जैसा करने वाले हमेशा अमर रहेंगे: देव मूर्ति 21 महामानवों को किया गया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को सम्मानित करने के लिए देह से दिव्यता तक कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसआरएमएस में देहदान का शपथ पत्र देने वाले लोगों में से 21 आधुनिक महर्षि दधीचियों को इसमें सम्मानित किया गया। सभी ने देहदान को



महादान बताया और समाजहित में अधिक से अधिक लोगों को खुद से प्रेरणा लेने पर जोर देते हुए देहदान के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम से पहले एमबीबीएस बैच 2025 के विद्यार्थियों ने एनाटॉमी विभाग में कैडेवरिक शपथ लेकर मानव शरीर को अपनी चिकित्सा शिक्षा का प्रथम गुरु मानते हुए उसे सम्मान और गरिमा के साथ संभालने के संकल्प लिया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की ओर से मंगलवार (11 नवंबर 2025) को देहदान का संकल्प लेने वाले आधुनिक महर्षि दधीचियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति जी ने अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न और सर्टिफिकेट देकर सभी को सम्मानित किया। उनके संकल्प को महान और महादान बताते हुए इसकी प्रशंसा की। कहा कि 87 महर्षि दधीचि अब तक एसआरएमएस में अपनी देहदान कर चुके हैं। जबकि 80 महादानियों ने इसके लिए शपथ पत्र दिया है। देहदान का संकल्प लेना और परिजनों की देह मेडिकल कालेज को सौंपना हिम्मत का काम है। देहदान जैसा महादानी काम करने वाले लोग हमेशा अमर रहेंगे।

# विधि विभाग एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में दो शोधार्थियों का प्री पीएचडी प्रस्तुतीकरण किया

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। बुधवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय में दो शोधार्थियों का प्री पीएचडी प्रस्तुतीकरण कार्यकम संपन्न हुआ। प्रस्तुतीकरण में प्रोफेसर ओ .पी. राय प्राचार्य बरेली



कॉलेज बरेली , विधि संकाय अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष/ रिसर्च कॉर्डिनेटर डॉ अमित सिंह , प्रो ए .के. सिंह चीफ़ वॉर्डन एमजे पी आर यू, डॉ संजय यादव विभागाध्यक्ष विधि, बरेली कॉलेज बरेली उपस्थित रहे। सभी अतिथिगण का स्वागत प्लांट और शॉल भेंट कर किया गया सभी ने शोधार्थियों को शोध को प्रभावशाली बनाने तथा फाइनल सबमिशन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रथम प्रेजेंटेशन शोधार्थी सृष्टि रुहेला ने शीर्षक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनरेट वर्क इन कॉपीराइट लॉ पर दिया शोधार्थी ने ए आई जेनरेटेड वर्क एवं उसके ओनरशिप विवाद को लेकर , कॉपी राइट लॉ संशोधन , ए आई पर रिस्ट्रिक्शन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। शोधार्थी द्वारा शोध सुपरवाइजर प्रोफेसर ओ. पी. राय प्राचार्य बरेली कॉलेज बरेली के अंडर में पूर्ण किया जा रहा है शोधार्थी मृदुल शुक्ला ने अपनी प्रेजेंटेशन शीर्षक जम्मू कश्मीर राज्य के संदर्भ में अनुच्छेद 370 एवं 35 ए का प्रभाव: एक विधिक अध्ययन पर अपनी प्रस्तुति दी शोधार्थी द्वारा शोध प्रोफेसर ओ. पी. राय के सुपरविजन में पूर्ण किया। शोधार्थी ने भारतीय संविधान अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के प्रभाव और विधिक स्थिति का विश्लेषण अपने शोध में किया। संपूर्ण कार्यक्रम डॉ अमित सिंह के निर्देशन में पूरा किया गया।इस अवसर पर विधि विभाग के शिक्षक डॉ शहनाज अख्तर, डॉ अनुराधा यादव ,डॉ लक्ष्मी देवी ,डॉ प्रवीण कृष्ण चौहान ,नईमुद्दीन , श्रीमती ज्योति मिश्रा,प्रेक्षा सिंह , श्रीमती निधि शंकर, डॉ सचिन रस्तोगी तथा रिसर्च स्कॉलर राष्ट्र वर्धन, शैलेंद्र ,श्रद्धा स्वरूप एवं एल एल एम की छात्र-छात्राएं और विधि विभाग के अन्य कर्मचारी गुलाब सिंह ,राम वचन ,मोहित आदि सभी उपस्थित रहे।

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली, ने बरेली में शुरू की स्पेशलाइज्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली – मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने शहर के श्री वेदांता हॉस्पिटल में अपनी एक्सक्लूसिव रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन सेवाओं का सुपर स्पेशलिटी वैशाली, के रेडिएशन विभाग के सीनियर मनीष भूषण पांडे, की किया गया। डॉ. मनीष महीने के दूसरे दोपहर 12:00 बजे से श्री वेदांता हॉस्पिटल, के लिए प्राथमिक



शुभारंभ मैक्स हॉस्पिटल, ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर - डॉ. उपस्थिति में भूषण पांडे, हर बुधवार को 2:00 बजे तक बरेली, में मरीजों परामर्श और फॉलो-अप उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली, के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर - डॉ. मनीष भूषण पांडे, ने कहा, इस ओपीडी की शुरुआत कैंसर मरीजों तक एडवांस्ड कैंसर केयर को और नज़दीक लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खराब और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के बढ़ते चलन के कारण कैंसर के मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। कैंसर को समझने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में हुए हालिया विकास ने हमें इसे रोकने और इलाज के लिए बेहतर रणनीतियाँ बनाने में मदद की है। इस ओपीडी के माध्यम से हमारा उद्देश्य मरीजों को समय पर जांच, सटीक उपचार योजना और उचित काउंसलिंग उपलब्ध कराना है ताकि वे लंबी दूरी तय किए बिना विश्वस्तरीय विशेषज्ञता का लाभ उठा सकें। कैंसर के उपचार में रेडिएशन थेरेपी की अहम भूमिका होती है। इस समर्पित ओपीडी सुविधा के माध्यम से अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को सुविधाजनक, व्यक्तिगत और बेहतर परिणाम देने वाली देखभाल प्रदान करना है। बरेली में इन सेवाओं की शुरुआत के साथ, मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली अब शहर और आसपास के क्षेत्रों के अधिक मरीजों को अपनी उन्नत चिकित्सा सेवाओं का लाभ पहुंचा सकेगा।

# अखिलेश पर मौलाना शहाबुद्दीन ने दिया बड़ा बयान, कहा- क्या मुसलमान को बनाएंगे मुख्यमंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। सपा मुखिया अखिलेश यादव पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया। मौलाना ने अखिलेश यादव से सवाल प्रतिशत मुसलमानों के कंधों परिवार कब तक मुख्यमंत्री मुसलमान को मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव मांग है कि जल्द सपा की बुलाएं। उसमें मुसलमान प्रस्ताव पास कराएं। चूंकि



करते हुए कहा कि 20 पर सवार होकर उनका बनता रहेगा। क्या बनाएंगे ? शहाबुद्दीन रजवी से प्रदेश के मुसलमानों की कार्यकारिणी की बैठक मुख्यमंत्री बनाए जाने का आपके परिवार के लोगों को कई बार मुसलमान मुख्यमंत्री बना चुके हैं, मगर अब मुसलमानों की बारी है। इस पर गंभारती से विचार करना होगा। अखिलेश यादव पर लगाया ये आरोप रजवी ने कहा कि अखिलेश यादव ने सपा को खड़ा करने में कोई भूमिका नहीं निभाई, बल्कि बनी बनाई इमारत पर आकर बैठ गए। सपा को खड़ा करने में शिवपाल यादव और आजम खां की खास भूमिका रही है, मगर जिस दिन से अखिलेश यादव ने सपा की कमान संभाली, दूसरे ही दिन से इन दो लोगों को हाशिये पर डाल दिया गया। जिसकी वजह से दो बार विधानसभा के चुनाव और तीन बार लोकसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

# बीडीए के बुलडोज़र से 28 बीघा में बन रहीं दो अवैध कॉलोनियां हुईं जमींदोज

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। बीडीए की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। सुभाषनगर और कैन्ट क्षेत्रों में चल रहे बिना अनुमति वाले निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई नगर नियोजन एवं विकास



अधिनियम-1973 के तहत की गई। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने बताया कि ग्राम करेली, बदायूं रोड में राम कुमार और ओम प्रकाश वर्मा द्वारा करीब 18 बीघा क्षेत्र में बिना बीडीए की स्वीकृति भूखंड चिन्हांकित कर सड़क, नाली और बाउंड्रीवाल बनाकर कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, थाना कैन्ट क्षेत्र के ग्राम बुखारा में भी श्री ओम प्रकाश व अन्य द्वारा 10 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में बीडीए की टीम ने मौके पर बुलडोज़र चलाकर सभी अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। इस दौरान सहायक अभियंता गजेन्द्र पाल शर्मा, अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी और प्रवर्तन टीम की पूरी मौजूदगी रही। बीडीए ने आम लोगों को चेतावनी दी है कि किसी भी भूखंड पर निर्माण या प्लाटिंग करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति लेना अनिवार्य है। बिना मानचित्र स्वीकृति के की गई प्लाटिंग या भवन निर्माण पूरी तरह अवैध है और इसका ध्वस्तीकरण किया जा सकता है। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि भवन या भूखंड खरीदने से पहले स्वीकृति की पूरी जानकारी जरूर लें, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके।

### पनीर नहीं, ये है जहर: खाद्य विभाग की टीम ने आधी रात को चलाया अभियान, काला कारोबार देख फटी रह गई आंखें

खाद विभाग की टीम ने आधी रात 5 क्विंटल नकली पनीर पकड़ा, जिसे नष्ट कराया गया। इसके साथ ही जांच के लिए दो नमूने भी लिए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार की देर रात शहर में खपाने के लिए लाया जा रहा नकली पनीर पकड़ा। इसे नष्ट कराते हुए जांच के लिए दो नमूने भी लिए हैं।सहायक आयुक्त खाद्य एसएसएच आबिदी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली के खेरागढ़ से नकली पनीर आगरा में सप्लाई हो रहा है। इसकी जानकारी पर रात के करीब 12 बजे टीम को फतेहाबाद रोड पर मुस्तैद कर दिया। करीब 2 बजे मेटाडोर आती दिखी। टीम ने इसको रुकवाते हुए पकड़ लिया। मेटाडोर में ड्रम लदे हुए थे, जिसमें पनीर भरा हुआ था। इसमें गंदगी थी, मच्छर, मक्खी और कीड़े पड़े हुए थे । प्रारंभिक जांच करने पर यह नकली प्रतीत हुआ। इस नष्ट कर दिया। जांच के लिए दो नमूने भी ले भेज आ रहे हैं। टीम में मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद लाल यादव , खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार चौरसिया और चंद्र विजय सिंह रहे । खेरागढ़ में ही पकड़ा था नकली दूध बनाने का प्लांट - खाद्य विभाग की टीम ने बीते सोमवार को खेरागढ़ में ही नकली दूध बनाने का चिलरप्लांट पकड़ा था । यहां पर भारी मात्रा में रिफाइंड, पाम आयल, ग्लूकोज समेत कई तरह के केमिकल मिले थे। इनके उपयोग से प्लांट में नकली दूध तैयार किया जाता था। मौके पर मिले 5300 लीटर नकली दूध को नष्ट कराया था और 10 नमूने जांच के लिए भेजे थे।सहालग में खपा रहे नकली दूध और पनीर- सहायक आयुक्त ने बताया कि सहालग के चलते दूध, पनीर और खोआ की पांच गुना बढ़ गई है। इसके चलते मिलावट माफिया इनको नकली बनाकर के बाजार में खपा रहे हैं। इन सभी को चिन्हित करके कार्रवाई की जा रही है।

# डॉक्टर पति की हत्या कराना चाहती थी शिखा, गिरफ्तार प्रेमी ने खोला राज; पुलिस को आरोपी पत्नी की तलाश

बरेली के नेत्र चिकित्सक की हत्या की कोशिश मामले में आरोपी प्रेमी सौरभ सक्सेना को कोर्ट ने जेल भेज दिया। सुभाषनगर थाना पुलिस के सामने प्रेमी ने डॉक्टर की पत्नी शिखा सक्सेना से प्रेम संबंध की बात कबूल की। अब पुलिस को आरोपी पत्नी की तलाश है। वह घटनास्थल से सीधे अपनी डॉक्टर बेटी व दामाद के पास सुभाषनगर निवासी स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर के साथ 28 अक्तूबर निकल आए और पड़ोसियों को जुटाकर अपनी जान बचाई। डॉक्टर ने अपनी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को मौके से रस्सी, टेप आदि थाना प्रभारी जितेंद्र ने उससे पूछताछ की तो पहले वह घटना में शामिल होने से ही अन्य साक्ष्य दिखाए तो उसने घटना कबूल कर ली। पुलिस अब डॉक्टर की पत्नी और घटना के बाद वह बेटी के पास चली गई तो पुलिस बेटी व दामाद से तलाश में टीम लगाई है। पत्नी को रुपये देने बंद कर दिए थे आरोपी सौरभ





जाकर रुकी थी। पुलिस अब उन दोनों से पूछताछ करेगी।इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि की रात घर में उनकी हत्या की कोशिश की गई। डॉक्टर बंधे हुए हाथ के साथ घर से सड़क पर पत्नी शिखा सक्सेना व उसके प्रेमी बिजली मिस्त्री सौरभ सक्सेना के खिलाफ हत्या की कोशिश काफी सामान भी बरामद हुआ था। पुलिस ने सोमवार को आरोपी सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। इन्कार करने लगा। शिखा की तलाश में लगी पुलिस टीम - पुलिस ने जब उसे सीसी फुटेज व की तलाश कर रही है। चूंकि प्रेमनगर में ब्याही अपनी डॉक्टर बेटी से शिखा का ज्यादा जुड़ाव था, पूछताछ कर हकीकत का पता लगाएगी। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिखा सक्सेना की सक्सेना ने खुद को बचाते हुए बताया कि इस मामले में डॉक्टर की पत्नी शिखा सक्सेना ही ज्यादा दोषी हैं। उनके प्रेम संबंधों की जानकारी डॉक्टर को काफी समय से थी, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद से वह ज्यादा समय घर पर रहते थे और उसकी ज्यादा आवाजाही से नाराज थे।उन्होंने पत्नी को रुपये देने बंद कर दिए थे। उनकी पत्नी से नकदी व जेवर लेकर ही उसके खर्चे पूरे होते थे। तब शिखा ने ही पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पहले उन्हें दूध में कुछ नशा दे दिया। फिर गेट खोलकर उसे बुला लिया। उसने ज्यादा नशा कर लिया तो हत्या नहीं कर सका।

## बलिया में तेज रफ्तार का कहर: पेड़ से टकराई बोलेरो, तीन की मौत; दो युवक गंभीर, पार्टी मनाकर लौटते समय हुआ हादसा

बलिया जिले में भीषण हादसा हुआ। तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से टकराई, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। पार्टी मनाकर दोस्तों को छोड़ने जाते समय



घटना हुई।बलिया जिले के पर्वतपुर- घेराई मार्ग पर मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। मौके पर तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में सत्यम राजभर (18), विकास राजभर (20) व राजा राजभर (20) शामिल थे। वहीं दो युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। बोलेरो को कब्जे में ले लिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कैसे हुआ हादसा बांसडीह कोतवाली के पर्वतपुर- घेराई मार्ग के महुआ बाग में तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में रामपुर कंला गांव के सत्यम राजभर, राजा राजभर, निवासी रामपुर व विशाल राजभर, अनीश राजभर (21), अभिषेक राजभर (19) निवासी दिवाकलपुर थे।पांचों दोस्त पार्टी मनाकर बांसडीह कस्बा से बोलेरो से दिवाकलपुर के तीन दोस्तों को घर छोड़ने जा रहे थे। रास्ते में महुआ बाग में बोलेरो तेज रफ्तार में होने के चलते पेड़ से जा टकराई। इसमें सत्यम, राजभर, विकास की मौके पर मौत हो गई। वहीं, अभिषेक व अनीश गम्भीर रूप से घायल हो गएटक्कर की आवज सुनकर दौड़े ग्रामीण- टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने सत्यम, राजा व विकास को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अनीश व अभिषेक की हालत गम्भीर देख बेहतर इलाज के लिए बीएचयू रेफर कर दिया। घटना की खबर लगते ही मृतकों के परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। देर रात सभी अस्पताल पहुंचे। सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्र ने कहा कि रात में पेड़ से बोलेरो टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई है और दो युवकों की हालत गम्भीर है। इलाज करवाया जा रहा है।

## धर्मस्थल पर तेज आवाज में बजाया लाउडस्पीकर, आठ मुतवल्ली समेत 24 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बरेली में बार-बार चेतावनी के बाद भी तेज आवाज में लाउडस्पीकर का प्रयोग कर रहे शहर के आठ धर्मस्थलों के मुतवल्ली के खिलाफ अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान के आखिरी दिन कुल 24 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।बारादरी पुलिस जब इलाके में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की चेकिंग के लिए निकली तो पाया कि चक महमूद स्थित नूरे ए नवी मस्जिद पर दो लाउडस्पीकर तेज आवाज में बज रहे थे। पुलिस ने मुतवल्ली अब्दुल नवी खां पर रिपोर्ट दर्ज की। फाइक एन्क्लेव स्थित आसिफा जमाल नई मस्जिद पर तीन लाउडस्पीकर बज रहे थे। मुतवल्ली वसीम पर रिपोर्ट दर्ज की गई। सूफीटोला स्थित ठेकेदार वाली मस्जिद पर तीन लाउडस्पीकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे। मस्जिद के मुतवल्ली मुजफ्फर इस्लाम पर बारादरी थाने में रिपोर्ट लिखी गई। कटरा चांद खां स्थित बद्दा खां मस्जिद पर दो लाउडस्पीकर बज रहे थे। मुतवल्ली मोहम्मद इस्हाक पर रिपोर्ट हुई। कैंट थाने में भी दर्ज हुई रिपोर्ट - कैंट के मोहनपुर स्थित नूरी मस्जिद पर पांच लाउडस्पीकर लगे थे। मुतवल्ली रिहान हुसैन पर कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली के मोहल्ला मेंबरान स्थित माहिगरान मस्जिद पर लगे सुराही की आवाज एक किमी तक जा रही थी। पुलिस ने मुतवल्ली नोमान रजा पर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रेमनगर थाना पुलिस शाहबाद स्थित बेले वाले मस्जिद पहुंची तो तेज आवाज में लाउडस्पीकर बज रहे थे। मुतवल्ली जुनैद उर्फ लक्की शाह के खिलाफ प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। दंगे के आरोप में भी दर्ज मुकदमे में भी लक्की शाह नामजद है। उसे नगर निगम चुनाव में भाजपा से पार्षद का टिकट मिल गया था, हालांकि विरोधियों ने आपराधिक रिकॉर्ड लगाकर शिकायत की तो भाजपा ने फैसला वापस ले लिया।ध्वनि प्रदूषण फैलाने का आरोप- धर्मस्थल पर तेज आवाज में तीन लाउडस्पीकर चलाने पर सेंथल के गौसिया मस्जिद के मुतवल्ली बुंदन खां के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसआई चंद्रवीर सिंह ने रिपोर्ट में मानक ताक पर रखकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाकर कार्रवाई की है। चेतावनी के बावजूद नहीं हटाए लाउडस्पीकर- शाही थाना क्षेत्र में चेतावनी के बावजूद मस्जिद में लाउडस्पीकर न हटाने पर मुतवल्ली मोहम्मद आरिफ के खिलाफ के खिलाफ मंगलवार को मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस के अनुसार सब्जीपुर खाता गांव में मस्जिद में लगे चार लाउडस्पीकर तेज आवाज में बजाए जा रहे थे। पुलिस ने तीन लाउडस्पीकर को जब्त कर लिया तो आरिफ नोकझोंक करने लगा। नवाबगंज के कोतवाल अरुण कुमार ने बताया कि ग्राम रिछोला किफायतुल्ला में दो धार्मिक स्थलों पर तेज ध्वनि से बज रहे दो लाउडस्पीकरों को उतरवाकर कब्जे में ले लिया गया। देवरनियां क्षेत्र निवासी मौलाना अंसार अहमद और रिछोला किफायतुल्ला निवासी मुतव्वली मोहम्मद सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। भोजडांडी गांव में मुतवल्ली पर रिपोर्ट दर्ज- बहेड़ी थाना क्षेत्र के भोजडांडी गांव में एक मस्जिद में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जाने के मामले में मंगलवार रात को मुतवल्ली उरमान शाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि पुलिस गश्त कर रही थी। तभी बगैर अनुमति तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजते मिले। पुलिस ने तीन लाउड स्पीकर को बरामद किया है। इधर, मीरगंज में भी ग्राम गुलड़िया में स्थित मस्जिद पर लाउडस्पीकर से हो रहे ध्वनि प्रदूषण को लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक महेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त करते रहे थे। गुलड़िया मस्जिद में लाउडस्पीकर बजाते मिले। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



## पैर पर रखा पैर...और पलभर में लूट: बावरिया गैंग की महिलाएं और आठ साल की बच्ची...कारनामें सुन चकरा जाएंगे

आगरा के हरीपर्वत थाना पुलिस ने बावरिया गिरोह की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाएं ऑटो में यात्री बनकर बैठती थीं। अपने साथ 8 साल की बालिका को रखती थीं जो महिला यात्री के पैर पर अपना पैर रखकर चोट पहुंचा देती थी।आगरा के थाना हरीपर्वत पुलिस ने ऑटो में महिला यात्री की चेन चोरी करने वाली बावरिया गिरोह की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाएं ऑटो में यात्री बनकर बैठती थीं। अपने साथ 8 साल की बालिका को रखती थीं जो महिला यात्री के पैर पर अपना पैर रखकर चोट पहुंचा देती थी। यात्री को बातों में फंसाने के बाद मौका देखकर गले से सोने की चेन तोड़ लेती थीं। जब तक पता चलता था, तब तक आरोपी महिलाएं ऑटो से उतरकर फरार हो जाती थीं।डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि दयालबाग की रहने वाली प्रियंका कन्नौज में सिपाही हैं। वह 31 अक्तूबर को पांच दिन के अवकाश पर आगरा आई थीं। वह बिजलीघर से एक ऑटो में बैठ गईं, जिसमें पहले से तीन महिलाएं और एक बालिका सवार थी। रास्ते में बालिका ने प्रियंका के पैर पर पैर मार दिया। इससे उनके दर्द होने लगा। वह बालिका से ठीक से बैठने के लिए कहने लगीं। सभी यात्री भगवान टॉकीज पर उतर गए। बाद में सिपाही प्रियंका को पता चला कि उनके गले की चेन गायब है। उन्हें शक हो गया। ऑटो के बारे में पुलिस को जानकारी दी। इस पर थाना हरीपर्वत में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इसमें पता चला कि ऑटो में सवार महिलाएं दूसरे ऑटो में बैठकर गईं हैं। ईदगाह स्टेशन से ट्रेन से भरतपुर गई थीं। पुलिस ने 50 से अधिक कैमरों को देखा। इससे महिलाओं की पहचान हो गई। पुलिस तलाश में लगी और मंगलवार को आरोपी महिलाओं को पालीवाल पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह फिर से वारदात करने आई थीं।बिछुए पर पैर मारने के लिए रखी थी बालिका- डीसीपी ने बताया कि पकड़ी गईं तीनों आरोपी आजाद नगर, चिकसाना, भरतपुर (राजस्थान) की रहने वाली हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह बाबरिया गिरोह से जुड़ी हैं। पति घरों और दुकानों में चोरी करते हैं। वह ऑटो और बस में यात्री बनकर गहने चोरी करती हैं। अपने साथ बालिका लेकर चलती है जो ऑटो सवार महिला के पैर में बिछुए वाली अंगुली पर पैर मारती है, जिससे दर्द महसूस होता है। बालिका को 500 से 1 हजार रुपये तक देती थीं। जब तक महिला पैर देखती, तब तक सोने की चेन को चोरी कर लेती थीं। वह ऑटो में एक दूसरे से अनजान बनती हैं। वारदात के बाद गांव चली जाती थीं। चोरी के जेवर से अपने लिए नए जेवर खरीदती थीं और पैसे आपस में बांट लेती थीं। महिला सिपाही की 15 ग्राम की चेन तोड़ने के बाद 62 हजार रुपये में राहगीर को बेच दिया था। इसके बाद कुंडल खरीद लिए थे। इसमें से बचे 15000 रुपये आपस में बांट लिए थे। आरोपियों के पास से कुंडल और 5920 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बच्ची को उसके परिजन को हिदायत देकर सुपुर्द कर दिया।



## शादी-मां की बीमारी और आतंकी नेटवर्क, डॉ. आदिल केस में हैरान करने वाला खुलासा! पढ़िए-साथियों ने क्या बताया?

डॉ. आदिल की गिरफ्तारी के बाद जांच में नए खुलासे सामने आ रहे हैं। सहारनपुर के फेमस अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर आदिल की शादी और मां की बीमारी को लेकर उसके साथियों ने बताया कि किसी को अंदाजा नहीं था कि वह आतंकी गतिविधियों से जुड़ा है। एटीएस अब उसके संपर्कों की जांच कर रही है।डॉक्टर के वेश में आदिल कितने खतरनाक मंसूबे पाल रहा था, इसकी भनक किसी को नहीं थी। लेकिन उसकी गिरफ्तारी के बाद जैसे-जैसे एटीएस की जांच आगे बढ़ रही है, कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। फरीदाबाद में विस्फोटक पदार्थ और हथियारों का जखीरा मिलने के बाद अब एजेंसियों को शक है कि क्या आदिल पश्चिमी यूपी में बड़ा आतंकी नेटवर्क खड़ा करने की तैयारी में थाअनंतनाग का रहने वाला डॉ. आदिल उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में अंबाला रोड स्थित फेमस मेडिकेयर अस्पताल में कार्यरत था। 7 नवंबर को उसकी गिरफ्तारी के बाद से पुलिस और खुफिया एजेंसियां सक्रिय हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आदिल पश्चिमी यूपी के कई डॉक्टरों के संपर्क में था, जिनमें से कुछ जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं। एजेंसियां अब इन सभी संपर्कों की गहन पड़ताल कर रही हैं।सहारनपुर क्यों चुना गया सहारनपुर को पश्चिमी यूपी का सबसे संवेदनशील जिला माना जाता है। यहां एयरफोर्स स्टेशन, एयरपोर्ट, रिमाउंट डिपो और दारुल उलूम जैसे संस्थान हैं। यही कारण माना जा रहा है कि अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज की नौकरी छोड़कर आदिल ने यहां काम करना शुरू किया और गुप्त रूप से अपना नेटवर्क बढ़ाने की कोशिश की।साथियों ने तोड़ी चुप्पी फेमस अस्पताल से एहतियातन छुट्टी पर भेजे गए डॉ आदिल के साथी डॉ. बाबर और एडमिन इंचार्ज डॉ. असलम जैदी ने बुधवार को अपनी ड्यूटी फिर से ज्वाइन कर ली। डॉ. बाबर ने कहा, %हम डॉक्टर की शादी में गए थे लेकिन ये नहीं जानते थे कि वह आतंकी नेटवर्क से जुड़ा निकलेगा। चार नवंबर को शादी का निमंत्रण मिला था और हम दो दिन पहले घूमने निकले थे। हमारे उससे केवल पेशेवर रिश्ते ही थे।कश्मीरी भाषा में ही करता था बात, व्यवहार पर कभी नहीं हुआ शक उन्होंने बताया कि आदिल अक्सर कश्मीरी भाषा में बात करता था, लेकिन उसके व्यवहार से कभी संदेह नहीं हुआ। गिरफ्तारी के बाद फैली अफवाहों को लेकर उन्होंने कहा, %हमारा उससे पेशेवर रिश्ता ही था, बाकी सब गलत प्रचार है।यह भी सवाल है कि क्या डॉ आदिल को अपनी गिरफ्तारी को लेकर पहले से अंदेशा था। सहयोगी डॉ. बाबर ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले आदिल ने कहा था कि उसकी मां बीमार हैं, इसलिए वह गांव जा रहा है। शायद उसे पहले से शक हो गया था कि वह पकड़ा जाएगा। वहीं, एडमिन इंचार्ज डॉ. असलम जैदी ने भी ड्यूटी संभाली, हालांकि उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी।



### संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में धमाके के बाद 16 हजार रेल यात्रियों ने निरस्त कराए टिकट, एनसीआर में हाई अलर्ट

दिल्ली में धमाके के बाद प्रयागराज मंडल में दिल्ली जाने वाले तकरीबन 16 हजार यात्रियों ने अपने टिकट निरस्त करा दिए। इनमें से चार हजार टिकट प्रयागराज जंक्शन व आसपास के स्टेशनों से बुक कराए गए थे।दिल्ली में धमाके के बाद प्रयागराज मंडल में दिल्ली जाने वाले तकरीबन 16 हजार यात्रियों ने अपने टिकट निरस्त करा दिए। इनमें से चार हजार टिकट प्रयागराज जंक्शन व आसपास के स्टेशनों से बुक कराए गए थे। वहीं उत्तर मध्यम रेलवे (एनसीआर) भी हाई अलर्ट पर है। मंगलवार को वंदे भारत समेत दिल्ली जाने वाली सभी ट्रेनों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया।एनसीआर के तहत मंगलवार को हर रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, आगरा आदि पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। प्रयागराज से दिल्ली जाने और वहां से आने वाली हर ट्रेन को खंगाला जा रहा है। देर रात तक प्रयागराज जंक्शन के सभी प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया और ट्रेनों में तलाशी होती रही। इस दौरान आरपीएफ-जीआरपी के जवान पैदल गश्त करते रहे, ताकि यात्रियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बना रहे।प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अमित कुमार मीना के नेतृत्व में यात्रियों के सामान की जांच की गई। प्रयागराज जंक्शन पर वंदे भारत के आते ही डॉग स्क्वाड ने ट्रेन की तलाशी ली। ट्रेनों व प्लेटफॉर्म पर मेटल डिटेक्टर से बैग स्कैन किए गए। बम डिटेक्शन स्क्वाड (बीडीएस) भी लगातार सक्रिय रही। एसपी जीआरपी प्रशांत ने कहा कि हर टीम अलर्ट मोड पर है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विजय प्रकाश पंडित के अनुसार सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जंक्शन की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। जंक्शन के सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यात्रियों को बताया जा रहा है कि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल सूचना दें।



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# डॉ. शाहीन के दस्तावेजों को खंगालने के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंची खुफिया विभाग की टीम, मची रही खलबली



दिल्ली में लालकिले के पास सोमवार को हुए विस्फोट के मामले में गिरफ्तार संदिग्ध डॉ. शाहीन ने प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है। 2002 में उसने पास आउट किया है। उसके शैक्षिक दस्तावेजों को खंगालने के लिए खुफिया विभाग की टीम बुधवार को मेडिकल कॉलेज पहुंची। दिल्ली के लाल किले के पास हुए बम ब्लास्ट के मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन के शैक्षिक दस्तावेजों को खंगालने के लिए खुफिया विभाग की टीम बुधवार को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंची। टीम ने डॉ. शाहीन से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल की। इसको लेकर मेडिकल कॉलेज में खलबली मची रही। टीम गुपचुप तरीके से कॉलेज में पहुंची थी। इस बारे में कोई स्टाफ कुछ बोलने को तैयार नहीं है।खुफिया सूत्रों के अनुसार डॉ. शाहीन ने 2002 में प्रथम श्रेणी में एमबीबीएस पास किया था। इसके बाद उसने एमडी की पढ़ाई के लिए पीजीआई लखनऊ में प्रयास किया था, लेकिन उसका एडमिशन नहीं हो सका। शुरुआत से ही शाहीन पढ़ाई में काफी होशियार थी। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा भी उसने अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण की थी। शाहीन के सहपाठियों से भी हो सकती है पूछताछ- जांच टीम डॉ. शाहीन के सहपाठियों से भी उसके बारे में पूछताछ कर सकती है। उसकी एक सहपाठी प्रयागराज में ही रहती है और खुद का पैथोलॉजी चलाती है। इसके अलावा कई और सहपाठी अलग-अलग शहरों में चिकित्सक हैं या खुद का अस्पताल चला रहे हैं। दिल्ली धमाके के मामले में गिरफ्तार संदिग्ध डॉ. शाहीन ने प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। मेडिकल कॉलेज के सूत्रों के मुताबिक डॉ. शाहीन ने 1996 बैच में एमबीबीएस में दाखिला लिया था। एमबीबीएस की पढ़ाई और इंटर्नशिप 2002 में पूरी की थी। डॉ. शाहीन मेडिकल कॉलेज कैंपस के गर्ल्स हॉस्टल में ही रहती थी। सूत्रों के मुताबिक शुरुआत से ही उसका अपने साथियों से ज्यादा मेलजोल नहीं था। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉ. शाहीन ने फार्माकोलॉजी में एमडी की डिग्री हासिल की थी। 2006-07 में यूपी लोक सेवा आयोग से डॉ.शाहीन का चयन कानपुर नगर के गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल (जीएसवीएम) कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ था। 2009-10 में डॉ. शाहीन का तबादला कन्नौज मेडिकल कॉलेज हो गया। इसके बाद 2013 में दोबारा डॉ.शाहीन कानपुर मेडिकल कॉलेज लौट आई थी। यहां दोबारा आने के बाद से ही उसकी गतिविधियां संदिग्ध हो गई थीं। वह कुछ देश विरोधी तत्वों के संपर्क में आ गई थी। इसके बाद लगातार नौकरी पर मौजूद न रहने के कारण 2021 में सरकार ने उसकी सेवाएं समाप्त कर दीं। सईद अहमद अंसारी की पुत्री डॉ. शाहीन लखनऊ की रहने वाली है। सईद अहमद की तीन संतानों में डॉ. शाहीन दूसरे नंबर पर है।

# संत प्रेमानंद महाराज की आंखों से बह निकली अश्रुधारा, भक्त हुए भावविभोर



मथुरा के बाद गांव में स्थित श्रीहित हरिवंश महाप्रभु की जन्मस्थली के गर्भगृह में दर्शन करने पहुंचे संत प्रमानंद महाराज की आंखों से अश्रुधारा बही, तो भक्त भी भावविभोर हो गए। ब्रज के प्रमुख संत प्रेमानंद महाराज ने मथुरा जनपद के प्रसिद्ध पावन स्थल %बाद% गांव में स्थित श्रीहित हरिवंश महाप्रभु की जन्मस्थली के गर्भगृह में दर्शन किए। इस अवसर पर प्रेमानंद महाराज की आंखों से अश्रुधारा बह निकली और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी महाराज जी के साथ दर्शन लाभ प्राप्त किया। श्रीहित हरिवंश महाप्रभु का निवास बाद ग्राम मथुरा के हाईवे पर स्थित है। यही श्रीहित हरिवंश महाप्रभु राधावल्लभ सम्प्रदाय के संस्थापक की जन्मभूमि मानी जाती है। यहां एक पौराणिक वटवृक्ष के नीचे महाप्रभु का जन्म हुआ था, तथा यही स्थान वर्षों से राधावल्लभ वैष्णव संतों की तपोस्थली बना हुआ है।दर्शन का भावपूर्ण विवरण संत प्रेमानंद महाराज के आगमन पर उन्होंने गर्भगृह में श्रीवंशी अवतार हित हरिवंश के दर्शन किए। दर्शन के समय भावविभोर होकर उनकी आंखों से आंसू बह निकले, जिसे भक्तों ने भक्ति की सर्वोच्च अवस्था के रूप में देखा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अलौकिक क्षण के साक्षी बने और उन्होंने भी दर्शन-सत्संग का पुण्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय भक्तजनों तथा राधावल्लभ संप्रदाय के अनुयायियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# धामी कैबिनेट के फैसले: उत्तराखंड में लागू होगी देवभूमि परिवार योजना, उपनल सहित इन 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर



प्रदेश कैबिनेट की आज हुई बैठक में देवभूमि परिवार योजना लागू किए जाने का बड़ा फैसला लिया गया।उत्तराखंड में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी। प्रदेश कैबिनेट की हुई बैठक में आज यह फैसला लिया गया। इसके अलावा 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी, जो दो महीने के भीतर देगी अपनी रिपोट सौंपेगी।उपनल से विदेशों में भी मिलेगी नौकरी निर्णय लिया गया कि उपनल के माध्यम से अब विदेशों में भी नौकरी मिलेगी। वहीं आपदा में मृतक आश्रितों को चार लाख के स्थान पर पांच लाख मिलेंगे। वही पक्का मकान ध्वस्त होने पर पांच लाख दिए जाएंगे।दैनिक, संविदा और तदर्थ कर्मचारियों के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी, जो इनके नियमितीकरण को लेकर कट ऑफ डेट तय करेगी। प्रदेश में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी।

# जिस पिता के लिए बनाई रील... वह आठ दिन बाद दुनिया से चले गए, दिल्ली धमाके में दोस्तों की गई जान





दिल्ली में हुए धमाके में हसनपुर के व्यापारी लोकेश अग्रवाल और मंगरौला निवासी अशोक कुमार की मौत हो गई। दोनों में 16 साल पुरानी दोस्ती थी। दोनों को उनकी मौत दिल्ली में खींच लाई।दिल्ली में हुए कायराना धमाके में अपनी जान गंवाने वाले अशोक कुमार के घर में मातम पसरा है। उनके परिवार में पत्नी सोनम के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है लेकिन अब यह खुशियों से भरा संसार उजड़ चुका है। अशोक के परिवार की खुशियों का एक खुशनुमा हिस्सा थीं उनकी बेटियां, जो अक्सर रील बनाती थीं।करीब आठ दिन पहले ही अशोक की आठ वर्षीय बड़ी बेटी आराध्या ने अपने प्यारे पापा को समर्पित करते हुए एक मार्मिक रील तैयार की थी। 'पापा घर आते हैं, पलकों पर बिठाते हैं...' बेटी की यह रील देखकर अशोक की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दो नवंबर को ही अशोक ने इस रील को फेसबुक अकाउंट पर बड़े प्यार से पोस्ट किया था। इस रील में आराध्या ने इन दिल छू लेने वाली पंक्तियों को गुनगुनाया था...पापा घर आते हैं, गले से लगाते हैं, प्यार जताते हैं, पलकों पर बिठाते हैं, ठुमक ठुमक जावा मेरे पापा दे नाल, पापा जैसा कोई मुझे करता ना प्यार... लेकिन उस नन्ही बेटी को क्या पता था कि जिस पिता के लिए वह इतने प्यार से रील बना रही है, वह ठीक आठ दिन बाद हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह जाएंगे। अशोक की बेटी आराध्या ने रोते हुए बताया कि अब किसके लिए वह रील बनाएगी। अशोक खुद भी बच्चों की रीलों में उनका साथ देते थे और परिवार में एक खुशनुमा माहौल बनाकर रखते थे। अपनी बड़ी बेटी आराध्या का जन्मदिन भी उन्होंने इसी साल 14 जून को पूरे उत्साह के साथ मनाया था। 16 साल पुरानी थी दोनों की दोस्ती, दोनों को दिल्ली में खींच लाई मौत- दिल्ली में हुए धमाके में हसनपुर के व्यापारी लोकेश अग्रवाल और मंगरौला निवासी अशोक कुमार की मौत हो गई। दोनों में 16 साल पुरानी दोस्ती थी। दोनों को उनकी मौत दिल्ली में खींच लाई। हादसे के बाद लोकेश अग्रवाल की पहचान हो पाना मुश्किल हो रहा था। दिल्ली पहुंचे परिजनों को भी उन्हें पहचानने में काफी मुश्किल हुई। बाद में लोकेश अग्रवाल की पहचान उसके दाहिने हाथ में पहनी अंगूठी से हुई। बताते हैं कि अशोक का शव लोकेश अग्रवाल के शव से करीब पांच मीटर की दूरी पर पड़ा था। इससे पहले दिल्ली पुलिस को लोकेश अग्रवाल का मोबाइल मिल गया था, जिसकी सहायता से उन्होंने घर पर फोन करके सूचना दी थी। बेटे की मौत से बेखबर थीं मां, शव देखकर हुईं बेहोश मंगरौला गांव में दिल्ली बम धमाके के शिकार अशोक कुमार के घर सोमवार रात जो दृश्य था, वह किसी भी व्यक्ति को झकझोरने वाला था। अशोक की 70 वर्षीय मां सोमवती देवी, जो दिल की मरीज हैं। वह रातभर बेटे की मौत की खबर से अनजान रहीं। वहीं, सुबह बेटे का शव देखा दो बेहोश हो गईं। परिजनों ने किसी तरह उन्हें संभाला। सोमवती देवी बड़े बेटे सुभाष के साथ गांव में रहती हैं। सोमवार रात करीब 10 बजे जब अशोक की मौत की दुखद खबर गांव में फैली, तो घर के बाहर लोगों, मीडियाकर्मियों व स्थानीय पुलिस का तांता लग गया। हालांकि, परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने मिलकर एक कठिन निर्णय लिया। अंतिम विदाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्ग किसान की संदिग्ध हालात में मौत, मकान के पीछे पड़ा मिला अधजला शव



शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र में एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार सुबह उनका अधजला शव उनके ही मकान के पीछे पड़ा मिला। पुलिस घटना की जांच कर रही है। शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र के ग्राम पटियारी निवासी 70 वर्षीय दयाराम की मंगलवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव बुधवार को सुबह अधजली अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के बेटे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। सुशील ने बताया कि उनके पिता दयाराम खेतीबाड़ी करते थे। मंगलवार रात खाना खाने के बाद वह सो गए थे। सुबह मकान के पीछे उनका अधजला शव पड़ा मिला। वहीं पर चप्पल और स्वेटर पड़ा मिला। बेटे सुशील की सूचना पर इंस्पेक्टर कांट राकेश मौर्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई है। वहीं ग्रामीण रात में परिवार में झगड़ा होने की बात भी बता रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### जॉइंट सीपी बोले- डॉ. शाहीन हमारे लिए पर्सन ऑफ इंटरेस्ट, जीएसवीएम में गतिविधियों की जांच शुरू



जॉइंट सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) आशुतोष कुमार ने कहा है कि डॉ. शाहीन की जीएसवीएम कॉलेज में गतिविधियों, संपर्कों और उनके जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग की नेता होने की खबरों की गहराई से पुष्टि की जा रही है। दिल्ली ब्लास्ट मामले में कानपुर के ज्वाइंट सीपी, लॉ एंड ऑर्डर आशुतोष कुमार ने कहा कि डॉ. शाहीन जीएसवीएम कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग में लेक्चरर थीं। वह छात्रों को पढ़ाती थीं और उस दौरान उनकी क्या गतिविधियां थीं, वह कहां जाती थीं, किससे बात करती थीं, इसकी जांच की जा रही है।जिन नामों पर हमें शक है और जिनके नाम पिछले दंगों में सामने आए थे। उनकी जांच की जा रही है...हो सकता है कि उनका कोई आतंकवादी संबंध हो। इन लोगों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया जाएगा। अगर उनके बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो उसे हमारी एजेंसियों के साथ साझा किया जाएगा।हर चीज की पुष्टि के लिए गहराई से जांच जरूरी- यह गोपनीय जानकारी है...शाहीन हमारे लिए पर्सन ऑफ इंटरेस्ट है और उनके बारे में सारी जानकारी रिपोर्ट की जा रही है, क्योंकि कहा जा रहा है कि वह एक प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग की कमांडर या कुछ और की सदस्य हैं। ये सारी बातें अखबारों में छप रही हैं, इसलिए हर चीज की पुष्टि के लिए गहराई से जांच करना और जानकारी हासिल करना जरूरी हो जाता है।

# वाराणसी तक विस्तार के बाद घाटे से उबरी मेरठ-लखनऊ वंदे भारत, अब लोकप्रिय ट्रेनों में हुई शुमार



मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस शुरुआती दिनों में घाटे में चल रही थी। तब यह ट्रेन मेरठ और लखनऊ के बीच ही चलती थी। इसके बाद गाड़ी को घाटे से उबारने के लिए अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार दिया गया। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार दिए जाने के बाद यह गाड़ी घाटे से उबर गई है। देहरादून-लखनऊ वंदे भारत के मुकाबले अब मेरठ-वाराणसी वंदे भारत में ज्यादा टिकट बुकिंग हो रही है। खास मौकों पर कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। 22490/89 मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन अगस्त 2024 में शुरू हुआ था। सप्ताह में छह दिन चलने वाली इस सेमी हाई स्पीड गाड़ी को 22546/45 देहरादून-लखनऊ वंदे भारत के मुकाबले काफी कम यात्री मिल रहे थे। एक ओर यह गाड़ी खाली दौड़ रही थी और दूसरी ओर इसी रूट की राज्यरानी एक्सप्रेस समेत अन्य गाड़ियों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा था। अक्तूबर 2024 में रेलवे ने देश भर की 60 वंदे भारत ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी जारी की तो मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को 56वां स्थान मिला। इसके बाद गाड़ी को घाटे से उबारने के लिए अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार दिया गया। दो माह में ही यह ट्रेन घाटे से उबर गई। ऑक्यूपेंसी के मामले में अब यह गाड़ी शीर्ष 25 ट्रेनों में शुमार हो गई है। खास मौकों पर गाड़ी की ऑक्यूपेंसी 100 तक पहुंच रही है। अयोध्या और वाराणसी के टिकटों को होती है ज्यादा बुकिंग - मेरठ-वाराणसी के बीच यह गाड़ी 783 किमी दूरी 11 घंटे 50 मिनट में तय करती है, जबकि अन्य नियमित ट्रेनें यह दूरी तय करने में 13 से 17 घंटे तय का समय लेती हैं। वाराणसी तक विस्तार के बाद इस गाड़ी में बरेली से लखनऊ के मुकाबले अयोध्या और वाराणसी के लिए टिकटों की ज्यादा बुकिंग हो रही है। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक इमरान ने बताया कि अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार के बाद वंदे भारत को ज्यादा लोकप्रियता मिली है। अब यह गाड़ी घाटे में नहीं है।

# बरेली में नया सर्वर पहले दिन ही दे गया दगा, नहीं हो पा रहे जमीन के बैनामा पंजीकरण




बरेली के रजिस्ट्री ऑफिस में चार दिन दिन बाद बैनामा पंजीकरण का काम शुरू हुआ, लेकिन पहले ही दिन सर्वर दगा दे गया। बैनामा पत्र ऑनलाइन अपलोड नहीं हो पाने से क्रेता और विक्रेता परेशान रहे। बरेली के स्टांप एवं निबंधन विभाग कार्यालय में चार दिन बाद बुधवार को बैनामा पंजीकरण का काम शुरू हुआ था, लेकिन नया सर्वर पहले दिन ही दगा दे गया। सदर तहसील के उप निबंधक प्रथम व द्वितीय कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे तक कुल तीन बैनामों का पंजीकरण हो पाया। सर्वर न चलने से बैनामा पत्र ऑनलाइन अपलोड नहीं हो पा रहे थे। काफी इंतजार करने के बाद तमाम संख्या में क्रेता विक्रेता मायूस होकर बैरंग घर लौट गए। इसके अलावा अभी भी दोपहर दो बजे के दौरान भी इंतजार में बैठे क्रेता विक्रेताओं की भीड़ बैनामा लेखक के काउंटर पर मौजूद रहे। पुराने सर्वर का डाटा नए सर्वर पर स्थानांतरित करने के लिए अभी 8 से 11 नवंबर तक पूरे प्रदेश में बैनामा पंजीकरण का काम बंद रहा था। इस संबंध में महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने सभी सहायक महानिरीक्षक निबंधन को पूर्व में निर्देश भी जारी किए थे।बैनामा लेखकों ने बताया कि चार दिन बाद बुधवार को उप निबंधक कार्यालय में बैनामा का काम शुरू हुआ था। इधर पिछले दिनों बैनामा पंजीकरण का काम बाधित होने से उन लोगों का भी रोजगार खत्म हो गया था। उन लोगों को उम्मीद थी कि नए सर्वर के संचालन के बाद तेज गति से बैनामा पंजीकरण का काम आगे बढ़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, नया सर्वर तो पहले दिन ही धोखा दे गया।

